रेलवे ट्रैक के नीचे मेट्रो टनल का काम पूरा

257 दिन में बनाई गई 1117.5 मीटर टनल

■ वसं, मुंबई : वेस्टर्न रेलवे के महालक्ष्मी और लोअर परेल स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक के नीचे मेट्रो टनल बन कर तैयार हो गई है। मेट्रो 3 कॉरिडोर के लिए रेलवे ट्रैक से करीब 20 से 25 मीटर नीचे टनल का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही 33.5 किमी लंबे मेट्रो कॉरिडोर पर 39वीं टनल बनाने का काम पूरा कर लिया गया।

कॉरिडोर के पैकेज 3 के तहत साइंस म्यूजियम मेट्रो स्टेशन और महालक्ष्मी मेट्रो स्टेशन के बीच 1117.5 मीटर लंबी टनल बनाई गई है। 80 वर्ष से अधिक पुरानी सैकडों इमारत और रेलवे टैक के नीचे से गुजरने वाली इस टनल का निर्माण 257 दिन में पूरा हुआ है। टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) और 745 सीमेंट की रिंग्स की मदद से इसका निर्माण किया गया है।

मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के व्यवस्थापकीय संचालक रणजित सिंह देओल के मुताबिक, साइंस म्यूजियम से महालक्ष्मी स्टेशन के बीच मेट्रो टनल निर्माण कार्य काफी चुनौतीपूर्ण था। इस कठिन कार्य को हमारी टीम ने बड़ी ही सावधानी से पूरा किया है। पश्चिम रेलवे के महालक्ष्मी स्टेशन और लोअर परेल स्टेशन के नीचे से यह टनल गुजर रही है। कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा। अप और डाउन दिशा को मिलाकर कुल 52.6 किमी लंबा ट्रैक बिछाया जाएगा। टनल निर्माण कार्य 96.5 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।